भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2241
बुधवार, 09 अगस्त, 2023 (श्रावण 18,1945 (शक)) को उत्तरार्थ

सहकारी शैक्षणिक कार्यक्रम

2241 श्री अबीर रंजन बिस्वासः

क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि**:**

(क) मंत्रालय के अधीन विभिन्न संस्थाओं जैसे भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ, राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (एनसीसीटी), राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) आदि द्वारा संचालित सहकारी शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2019-20 से प्रत्येक वित्तीय वर्ष में इन कार्यक्रमों हेतु कितना बजट आबंटित और उपयोग किया गया है; और

(ग) विभिन्न हितधारकों के बीच सहकारी कौशल और जागरूकता बढ़ाने के संबंध में इन कार्यक्रमों के परिणाम और प्रतिपुष्टी क्या हैं?

उत्तर

सहकारिता मंत्री

(श्री अमित शाह)

(क): विभिन्न संस्थाओं द्वारा संचालित सहकारी शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का ब्यौरा निम्नानुसार है :

वर्ष	**एनसीसीटी**		**एनसीयूआई**		**एनसीडीसी (एलआईएनएसी)**	
	कार्यक्रमों की संख्या	**प्रशिक्षित प्रतिभागियों की संख्या**	**कार्यक्रमों की संख्या**	**प्रशिक्षित प्रतिभागियों की संख्या**	**कार्यक्रमों की संख्या**	**प्रशिक्षित प्रतिभागियों की संख्या**
2019-20	1783	60881	10855	133693	66	1848
2020-21	1100	40288	12371	157368	121	8076
2021-22	1598	62774	12361	159119	256	19927
2022-23	3287	201507	14634	207911	246	18364

(ख): वर्ष 2019-20 से प्रत्येक वित्तीय वर्ष में इन कार्यक्रमों के लिए आवंटित और उपयोग किया गया बजट निम्नानुसार है-

(लाख रुपये)

वर्ष	एनसीसीटी		एनसीयूआई	
	आबंटित बजट	उपयोग	आबंटित बजट	उपयोग
2019-20	6181.25	6181.25	250.50	250.50
2020-21	5174.82	5174.82	1416.12	1416.12
2021-22	5382.50	5382.50	1290.40	1290.40
2022-23	4400.00	4400.00	Nil	-

नोट: सहकारी शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए एनसीडीसी को अलग से कोई बजट आवंटित नहीं किया गया है।

(ग): विभिन्न संस्थानों द्वारा संचालित सहकारी प्रशिक्षण और शिक्षा कार्यक्रम को प्रतिभागियों द्वारा आत्मसात किया गया है। प्रशिक्षण से प्रतिभागियों/हितधारकों के सहकारी कौशल को बढ़ावा मिला है जिससे सहकारी समितियों के कामकाज में बेहतरी आई है, इसके अलावा विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में उनकी जागरुकता बढ़ी है ।

*****